# दस ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की कवायद शुरू

**300**

**जंबो सिलेंडर व 200 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी खरीदे जाएंगे**

लखनऊ। कोरोना संक्रमण काल में उपजे ऑक्सीजन संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने अब जिले में दस ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की कवायद शुरू कर दी है। इस संबंध में शासन को पत्र भेजकर टेंडर के जरिए कार्रवाई शुरू करने की अनुमति मांगी गई है। यही नहीं इसके साथ ही करीब 65 लाख रुपए की लागत से 300 जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ ही 200 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर व दो लाख एंटीजन टेस्ट किट खरीदने की कवायद भी चल रही है। प्रभारी जिलाधिकारी डॉ. रोशन जैकब के अनुसार शासन द्वारा कोरोना संक्रमण से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए जारी पांच करोड़ रुपये से जिले में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने और ऑक्सीजन पाइप लाइन बिछवाने के लिए सशर्त अनुमति दी गई है। इसी क्रम में जिले में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कराने की योजना बनाई गई है। इसके लिए प्रभारी डीएम ने शासन को लिखे पत्र में कहा है कि जल्द से जल्द जेम पोर्टल या ई टेंडर के जरिए दस ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट स्थापित किए जाने की अनुमति दें। इसके अलावा तीन हजार डेड बॉडी कवर व अन्य सामग्री खरीदने का भी निर्णय किया गया है।

■ **ऑक्सीजन की कमी को लेकर भय न बनाएं :** प्रभारी जिलाधिकारी के अनुसार उनकी जानकारी में आया है कि कुछ अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी को लेकर पैनिक क्रिएट किया जा रहा है, उसे न करें। सभी अस्पतालों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों को ऐसी व्यवस्था करनी है, जिससे जनमानस में भय ना रहे।